मुख्यमंत्री का कार्यालय
(जनसंपर्क कोषांग)
बिहार सरकार
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-563
**27/10/2023**

# मुख्यमंत्री ने बख्तियारपुर के सीढ़ी घाट पर रिवर फ्रंट डेवलपमेंट' के तहत कराये जा रहे कार्यों का लिया जायजा, भव्य गंगा आरती में भी हुये शामिल

पटना, 27 अक्टूबर 2023 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने आज बख्तियारपुर के गंगा तट स्थित सीढ़ी घाट का भ्रमण कर रिवर फ्रंट डेवलपमेंट के तहत किए जा रहे कार्यों का जायजा लिया।

जायजा के क्रम में मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि सीढ़ी घाट का चौड़ीकरण करायें ताकि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की कठिनाई न हो। गंगा आरती का आयोजन भी भव्य एवं विधिवत रूप से होता रहे। गंगा नदी की मुख्य धारा तक लोग सहूलियतपूर्वक पहुँच सकें, इसके लिए पथ का निर्माण ठीक ढंग से कराएं। उन्होंने कहा कि गंगा नदी का एक हिस्सा इस ढंग से विकसित करें कि यहां स्थायी रूप से श्रद्धालुओं के बैठने और गंगा आरती का विधिवत आयोजन करने की समुचित व्यवस्था हो सके।

बख्तियारपुर गंगा तट स्थित सीढ़ी घाट पर भव्य एवं विधिवत रूप से आयोजित गंगा आरती में मुख्यमंत्री शामिल हुये।

मुख्यमंत्री ने सीढ़ी घाट स्थित श्री राधे कृष्ण मंदिर (ठाकुरबाड़ी) में पूजा–अर्चना कर प्रदेश की सुख–शांति एवं समृद्धि की भी कामना की। पंडित शीलभद्र याजी मेमोरियल पहुंचकर मुख्यमंत्री ने स्वतंत्रता सेनानी पंडित शीलभद्र याजी एवं उनकी धर्मपत्नी स्व0 बालकेश्वरी याजी के स्मारक स्थल पर पुष्पाजंलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी।

इस अवसर पर जल संसाधन मंत्री श्री संजय कुमार झा, श्री सत्यानंद याजी, जिलाधिकारी श्री चन्द्रशेखर सिंह, वरीय पुलिस अधीक्षक श्री राजीव मिश्रा, जल संसाधन विभाग के अभियंतागण, वरीय अधिकारीगण, अन्य गणमान्य व्यक्ति एवं श्रद्धालुगण उपस्थित थे।

******